सीआइएमपी में शुरू हुआ सेंटर फॉर बिहार स्टडीज

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना ने सेंटर फॉर बिहार स्टडीज सेंटर की शुरुआत की है. यह सेंटर बिहार के सोशियोलॉजी, डेवलपमेंट, पॉलिटिकल दृश्य जैसे अहम विषयों के साथ वैसे विषयों के लिए कार्य करेगा जिससे बिहार में विकास के नये रास्ते खुल सकते हैं.

यह जानकारी संस्थान के निदेशक प्रो वी मुकुंद दास ने दी. उन्होंने बताया कि इस सेंटर में संस्थान के इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट पॉलिसी के ही फैकल्टी हिस्सा लेंगे व ऑपरेट करेंगे.

अपनी तरह का अनोखा सेंटर

प्रो दास ने बताते हैं कि देश में बिहार संभवतः पहला ऐसा राज्य है. जिसके डेवलपमेंट को लेकर किसी संस्थान में इस तरह का सेंटर शुरू हुआ है. बिहार

- **बिहार के सोशल डेवलपमेंट के लिए सेंटर करेगा काम**

में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर अभी और कार्य करने की जरूरत है. बिहार अभी विकास के तेज गति पर है, लेकिन इंडस्ट्रियल पॉलिसी, राज्य में सामाजिक बदलाव, इनके इनपुट व आउटपुट बदलाव, सोशल स्टडी पर कोई काम नहीं हुआ है.

ऐसे में सेंटर में जो स्टडी होगी वह राज्य के डेवलपमेंट के लिए बहुत अहम हो सकती है. सेंटर के तहत सेमिनार, कांफ्रेंस का भी आयोजन होगा. इसके लिए ब्रिटिश यूनिवर्सिटी से समझौते की भी बात चल रही है. उन्होंने बताया कि सेंटर में स्टडी के बाद पॉलिसी मेकिंग के लिए जो स्ट्रेटजी तैयार होगी. उसे राज्य सरकार को सौंप दिया जायेगा.

Prabhat Khabar ! Page.No-22 ! Dated-05-01-2019